# ‘‘आओ समझे समुदाय स्वास्थ्य’’

## जयपुर शहरी स्लम क्षेत्र

गोविन्दपुरा (JDA)

बक्सावाला

आशावाला

पालड़ी मीणा

प्रेमनगर

GRAM CHETNA KENDRA

wipro cares

# स्वास्थ्य के विभिन्न प्रकार




GRAM CHETNA KENDRA
wipro cares


# स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारक

- अच्छी सड़क तक पहुँच
- सुरक्षित पेयजल तक पहुँच
- साफ तथा स्वस्थ भोजन तक पहुँच
- साफ तथा सुरक्षित वातावरण
- आय तथा रोजगार
- स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक पहुँच
- औपचारिक शिक्षा

GRAM CHETNA KENDRA

wipro cares

# समुदाय में स्वास्थ्य सम्बंधी चुनौतियां



कुपोषण



असुरक्षित पेयजल



अस्वच्छता



प्रसवकाल के दौरान स्वास्थ्य देखभाल की कमी



बाल्यकाल के दौरान सामान्य बीमारियों के कारण मृत्यु



संचारी तथा गैर–संचारी रोग



तम्बाकू, शराब, मादक पदार्थों का सेवन आदि से अन्य स्वास्थ्य समस्याएं



मानसिक स्वास्थ्य


GRAM CHETNA KENDRA

wipro cares

# किशोर–किशोरियों की प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल



10–19 वर्ष के किशोर–किशोरियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना अति–आवश्यक है क्योंकि इस उम्र में किशोर–किशोरियों में शारीरिक तथा मानसिक बदलाव होते है।



पढ़ाई का छूटना, बाल विवाह, अनचाहा गर्भ, कुपोषण, गरीबी, परिवारिक दबाव, मादक पदार्थो का सेवन, अत्याचार आदि चुनौतियों से निपटने के लिए जागरूक तथा शिक्षित करना



तम्बाकू, धूम्रपान, शराब आदि के सेवन से बचने के लिए माता–पिता के साथ साथ किशोर–किशोरियों को जागरूक करना



ग्राम पंचायत क्षेत्र में खेल का मैदान, पार्क, बच्चों तथा किशोर के लिए रिसोर्स सेंटर आदि की उपलब्धता तथा उपयोग सुनिश्चित करना




राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता तथा स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन करवाना

GRAM CHETNA KENDRA

wipro cares

# वृद्धजनों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल

- वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य देखभाल तथा सहयोग की सुविधा और उनके स्वास्थ्य के लिए नियमित स्क्रीनिंग की सुविधा की उपलब्धता
- वृद्धजनों में स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याओं के बारें में जागरूक करना
- वृद्धजनों के लिए पुस्तकालय/रीडिंग रूम की सुविधा होनी चाहिए
- स्वैच्छिक रूप से वार्षिक ग्राम पंचायत विकास योजना तथा बच्चों को पढ़ाने के लिए या अन्य अर्थपूर्ण कार्यों हेतु प्रोत्साहित करना
- ऐसे वृद्धजनों को चिन्हित करना जिन्हें अत्यंत आवश्यकता हो। जिनका परिवार में देखभाल करने की आवश्यकता हो।

GRAM CHETNA KENDRA

wipro cares

# मादक पदार्थ तथा शराब सेवन की रोकथाम



तम्बाकू, धूम्रपान, शराब, मादक पदार्थ आदि के सेवन से शरीर के विभिन्न अंग जैसे लीवर, लंग्स, किडनी, पेट आदि के साथ गलत–सही सोचने की क्षमता पर प्रभाव पड़ता है। इन पदार्थो के सेवन से बचने के लिए जनजागरूकता करना अति–आवश्यक है।

जन सहभागिता से तम्बाकू मुक्त स्कूल, धूम्रपान रहित क्षेत्र, शराब मुक्त वातावरण जैसे कार्यो से स्वास्थ्य समुदाय को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित करें।

जो नशे से प्रभावित है उनको नशा मुक्ति केन्द्र से लिंक करने के लिए प्रेरित करें जिससे वह बेहतर जीवन बना सके।

GRAM CHETNA KENDRA

wipro cares


माहवारी
नहीं शर्म
की बात
चुप्पी तोड़े
खुलकर बोले
Gram Chetna Kendra
Women, adolescent girls and children access appropriate health services with dignity